pquko xfrfof/k;k

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रदेश में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इन चुनावों के लिए भाजपा राज्य की सभी 29 सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर चुकी हैं। वहीं कांग्रेस ने अपने 22 उम्मीद्वार घोषित कर दिये हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल झाबुआ जिले में रोड़ शो किया। वहीं मुख्यमंत्री आज बड़वानी में सामाजिक समरसता बैठक में शामिल हुए। दूसरी ओर राजगढ़ से प्रत्याशी बनाए गए पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कल संसदीय क्षेत्र में बैठकें की। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपने प्रमुख नेताओं को नये सिरे से अलग–अलग संसदीय क्षेत्रों का प्रभार सौंपा है। राज्य में लोकसभा की 6 सीटों पर पहले चरण में सीधी, शहडोल, जबलपुर, मंडला, छिंदवाड़ा और बालाघाट में 19 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। इसके लिये अवकाश के दिन को छोड़कर 27 मार्च तक नामांकन जमा किये जाने हैं।

---

pquko vkpj.k lafgrk

लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद लागू आर्दश आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि आयोग द्वारा इसके लिये बनाए गए सी–विजिल एप पर 22 मार्च तक 173 शिकायतें प्राप्त हुई जिनका त्वरित निराकरण कर दिया

गया है। श्री राजन ने प्रदेश के नागरिकों से अनुरोध किया है कि यदि वे निर्वाचन में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़ी किसी भी प्रकार की सीधी शिकायत करना चाहते हैं, तो वे सी–विजिल एप के माध्यम से कर सकते हैं। इसके लिए संबंधित नागरिक को गूगल प्ले स्टोर पर जाकर सी–विजिल एप डाउनलोड करना होगा। इसके लिए नागरिक को ऐसी किसी भी घटना की जानकारी होने पर फोटो या वीडियो सी–विजिल एप पर अपलोड करना होगा। शिकायत मिलने पर अगले 100 मिनट के भीतर कार्यवाही की जाएगी। गौरतलब है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श चुनाव आचरण संहिता के उल्लंघन वाली शिकायतों के निवारण के लिए सी–विजिल एप तैयार किया गया है।

---

ernkrk tkx drk vf!k;ku

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रदेशभर में विभिन्न स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। झाबुआ जिले के खवासा में छात्राओं ने मानवीय आकृति और श्रृंखला बना कर मतदान के लिए संदेश दिया। रायसेन जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रंगोली, मेहंदी, रैली, चित्रकलां सहित अन्य मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजन कर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। दमोह में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने मतदाता जागरूकता के लिये कलश यात्रा को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

---

gkf#dk io

होली का पर्व प्रदेश में उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाएगा। रंगो के इस पर्व पर आज रात होलिका दहन होगा और कल रंग खेले जाएंगे। बाजारों में रंगगुलाल और पिचकारियों की दुकानें सजी हुई हैं और खासी रौनक देखी जा रही है। उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर में भस्म आरती के साथ ही आज फुलों की होली खेली गई। पुजारियों ने श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की। शाम को आरती के बाद परिसर में होलिका दहन किया जाएगा। राजधानी भोपाल के अलावा इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, गुना, शिवपुरी, रीवा, सतना, नर्मदापुरम, खरगोन, खंडवा, धार, आगरमालवा, शाजापुर, सीहोर, विदिशा सहित प्रदेश के सभी अंचलों में होलिका दहन की विशेष तैयारियां की जा रही हैं।

---

vk%ih,#

आईपीएल क्रिकेट में आज दोपहर साढे तीन बजे जयपुर के सवाई मानसिंह इंडोर स्टेमडियम में राजस्थान रॉयल्स् का मुकाबला लखनऊ सुपर जायन्टस से होगा। वहीं, गुजरात टाइटन्स का सामना मुंबई इंडियन्स से शाम साढे सात बजे अहमदाबाद में होगा।

इससे पहले, कल रात कोलकाता के ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाईट राइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को चार रन से हरा दिया। कल ही चंडीगढ में खेले गए पहले मैच में पंजाब किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स को चार विकेट से हराया।

---

v& dq' lekpkj la(k"i ea %)

- जबलपुर उच्च न्यायालय ने भोपाल गैस त्रासदी के मुआवजा से जुड़े मामलों में स्वास्थ्य विभाग को पक्षकार नहीं बनाने पर नाराजगी जताई है।

- मैहर में आम जनता की पेय जल सम्बंधी समस्या के निराकरण के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने मैहर में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया है।

- छतरपुर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने जिले में पशु चारा–भूसा की आपूर्ति बनाये रखने हेतु जिले के सीमावर्ती जिलों व अन्य राज्यों में पशु के चारा–भूसा के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया है।

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरन्तर सुधार के लिये आगरमालवा जिले कानड़ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को लगातार तीसरी बार कायाकल्प अवार्ड मिला है।